web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 05 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-155

## महत्वपूर्ण एवं खास

### घर में विस्फोट, महिला की मौत

**झांसी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में झांसी के बबीना क्षेत्र में एक घर में हुए धमाके में मकान ध्वस्त हो गया है और एक महिला की मलबे में दबकर मौत हो गयी है। पुलिस ने रविवार को बताया कि झांसी जिले में बबीना थाना अंतर्गत ग्राम कोटी चमरुआ में कीरत सिंह राजपूत के खेत मे बने मकान में जबरदस्त विस्फोट हुआ और मलबे में दबकर कीरत की मां फूलनदेवी (60) की मौत हो गयी। फूलनदेवी इस मकान में रहकर खेत की रखवाली करती थी। रोज की तरह रात्रि में भी वह मकान के अंदर सो रही थी तभी बीच रात में अचानक एक जोरदार धमाका हुआ, जिससे मकान ध्वस्त हो गया और महिला मलबे में दब गई। धमाके से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गयी लोगों ने आनन फानन में इसकी सूचना थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे में दबी महिला को जब तक बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। यह बम धमाका कैसे हुआ यह स्पष्ट नहीं हो सका है फिलहाल पुलिस और स्वाट टीम ने मामले की जानकारी कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पुलिस ने किए 12 वांछित समेत 27 आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की लखनऊ पुलिस ने पिछले 24 घंटे के दौरान 12 वांछित समेत 27 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वजीरगंज क्षेत्र से पुलिस ने एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन तमंचे बरामद किए । गिरफ्तार व्यक्ति मूल रुप से गोण्डा जिले का रहे वाला है। उसने बताया कि वह नशीला पदार्थ खरीदने के लिए तमंचे बेचने का काम करता है। उन्होंने बताया कि मलिहाबाद पुलिस ने एक वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि लखनऊ पुलिस ने आलमबाग ,कृष्णानगर , सरोजनीनगर,ठाकुरगंज ,बाजारखाला, तालकटोरा, खगाजीपुर और मोहनलालगंज क्षेत्र से 12 वांछित जबकि तालकटोरा पुलिस ने एक वारण्टी को गिरफ्तार किया है।

### भेल दिल्ली-चंडीगढ़ राजमार्ग पर सौर आधारित ईवी चार्जर की स्थापना कर रही

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकारी स्वामित्व वाली भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने सोमवार को कहा कि वह दिल्ली-चंडीगढ़ राजमार्ग पर बिजली से चलने वाले वाहनों के लिए सौर-ऊर्जा आधारित चार्जरों का नेटवर्क विकसित कर रही है। भारी उद्योग विभाग की फेम (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्यूफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड) एंड इलेक्ट्रिकल व्हिकल्स इन इंडिया) योजना के तहत यह परियोजना चलायी जा रही है। भेल ने बीएसई को जानकारी दी है, करीब 250 किलोमीटर लंबे दिल्ली-चंडीगढ़ मार्ग पर बिजली चालित वाहनों के लिए चार्जर लगाए जाने से ऐसे वाहन रखने वालों में दूसरे शहरों में जाने का विश्वास पैदा होगा। इसी कड़ी में भारी उद्योग विभाग के सचिव ए आर सिहाग ने भेल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अतुल सोबती की उपस्थिति में हरियाणा में पहले चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।

### स्कूली छात्रा से बलात्कार के बाद जिंदा जलाकर मारा

**गाजीपुर (आरएनएस)।** दिलदार नगर थानाक्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने स्कूली छात्रा से कथित बलात्कार के बाद उसे जिन्दा जलाकर मार दिया। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार चतुर्वेदी ने रविवार को बताया कि शुक्रवार की रात घर में सो रही छात्रा के साथ पड़ोसी मेंहदी खान ने कथित बलात्कार किया। उसके बाद उसने वहीं से मिट्टी के तेल का डिब्बा उठाकर छात्रा के ऊपर छिड़ककर उसे आग लगा दी। चतुर्वेदी ने बताया कि छात्रा की चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। तब तक आरोपी भाग चुका था। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग छात्रा को तत्काल अस्पताल ले गये, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया । आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# सरकार पर भरोसा करने को तैयार, पर यह 300 आतंकियों की बात किसने कही?

### एयर स्ट्राइक पर बोले चिदंबरम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पुलवामा हमले के बाद भारतीय वायुसेना के पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद देश में सियासत जारी है. विपक्ष के कई नेता एयर स्ट्राइक को लेकर मोदी सरकार से सबूत मांग रहे हैं. वहीं, सरकार इसे सेना के अपमान से जोड़कर देख रही है. इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम का बयान सामने आया है.

चिदंबरम का कहना है कि हम सरकार के एयर स्ट्राइक के दावे पर भरोसा करने को तैयार हैं, लेकिन पहले ये बताइए कि एयर स्ट्राइक में 300 से 350 आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि किसने की?



पूर्व वित्तमंत्री ने सोमवार को ट्विटर के जरिये ये बातें कहीं. उन्होंने कहा- अगर सरकार चाहती है कि दुनिया पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में हुए वायुसेना के एयर स्ट्राइक पर भरोसा करे, तो सरकार को विपक्ष पर आरोप लगाने से बचना चाहिए.

उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल एयरफोर्स की एयर स्ट्राइक का श्रेय लेने की कोशिश कर रहा है. चिदंबरम ने कहा कि पूरे घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस और तमाम विपक्षी दलों का रवैया जिम्मेदारी भरा रहा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कार्य समिति की बैठक रद्द कर दी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इसका श्रेय ले रहे थे.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पटना में एनडीए की रैली में विपक्ष के नेताओं पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा, महागठबंधन के नेताओं को सिर्फ अपने स्वार्थ की चिंता हो रही है. चौकीदार को गाली देने की होड़ लगी हुई है, लेकिन चौकीदार पूरी तरह से चौकन्ना है. एयर स्ट्राइक का सबूत मांगने वालों पर प्रहार करते हुए मोदी ने कहा, कुछ लोग सेना के पराक्रम पर संदेह कर रहे हैं. पीएम के इसी बयान पर विपक्ष की ओर से चिदंबरम ने अपनी प्रतिक्रिया दी है.

चिदंबरम से पहले ममता बनर्जी, दिग्विजय सिंह, एचडी कुमारस्वामी समेत विपक्ष के कई नेता सरकार से एयर स्ट्राइक को लेकर सवाल पूछ चुके हैं. एयर स्ट्राइक के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि हवाई हमले के बाद पीएम मोदी ने किसी भी पार्टी के नेताओं से मुलाकात नहीं की. ममता बनर्जी ने कहा था कि वे ऑपरेशन की डिटेल जानना चाहती हैं, जहां बम गिराया गया है वहां कितने लोग मारे गए.

### हमारा काम टारगेट हिट करना था,लाशें गिनना नहीं- आईएएफ चीफ



पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में जैश के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ का बड़ा बयान सामने आया है. एयर स्ट्राइक में कितने आतंकी मारे गए? इस सवाल पर एयर चीफ मार्शल ने कहा कि हमारा काम लक्ष्य भेदना था. लाशें गिनना नहीं. मीडिया को ब्रिफिंग देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना हर नापाक हरकत का जवाब देने की ताकत रखती है.


एयर चीफ मार्शल ने कहा, पाकिस्तान के बालाकोट में अपने टारगेट को भेदा, जो हमारा काम था. एयरफ़ोर्स का काम यह बताना नहीं है कि ज़मीन पर कितने लोग थे. हमारे पास कितने लोग मारे गए इसकी कोई जानकारी नहीं है. कितने लोग मारे गए ये इस बात पर निर्भर करता है कि उस वक्त वहां कितने लोग मौजूद थे. भारत सरकार इसपर ज्यादा बेहतर तरीके से बता सकती है.

वायुसेना प्रमुख की ओर से आए इस बयान के बाद एक बार फिर बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह के उस दावे पर सवाल उठने लगे हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि ऑपरेशन बालाकोट में कम से कम 250 आतंकी मारे गए हैं.

## मसूद अजहर की मौत की अटकलों के बीच पाक ने उसे आर्मी हॉस्पिटल से दूसरी जगह शिफ्ट किया?

**श्रीनगर (आरएनएस)।** एक ओर जहां आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर की मौत के कयास लगाए जा रहे थे, वहीं अब पाकिस्तान से खबर मिल रही है कि मसूद अजहर जिंदा है और उसे रावलपिंडी के आर्मी अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की आर्मी ने उसे रावलपिंडी के अस्पताल से बहावलपुर के जैश कैंप में शिफ्ट कर दिया है. खबरों के मुताबिक मसूद अजहर को रविवार शाम 7.30 बजे



रावलपिंडी से गोथ घानी में स्थित जैश कैंप में शिफ्ट किया गया. खबरों के मुताबिक मसूद अजहर काफी समय से बीमार है और पाकिस्तानी आर्मी अस्पताल में ही उसका इलाज हो रहा है.

मसूद अजहर के बीमार होने की बात पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने भी कबूली थी. उन्होंने माना था कि मसूद अजहर पाकिस्तान में है और वो काफी बीमार है. आपको बता दें मसूद अजहर पुलवामा में सीआरपीएफ काफिले पर हुए आतंकी हमले का मास्टर माइंड है. इस हमले में 40 जवान शहीद हुए थे. जिसके बाद भारतीय एयरफोर्स ने पीओके में जैश के बालाकोट स्थिति कैंपों पर हमला किया था, जिसमें मसूद अजहर के रिश्तेदार भी मारे गए थे.

आपको बता दें मीडिया में रिपोर्ट्स आ रही हैं कि पाकिस्तान सरकार ने भारत के साथ तनाव कम करने की कोशिश में जैश-ए-मोहम्मद सरगना मसूद अजहर पर कार्रवाई करने का फैसला किया है. रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आतंकवादियों की सूची में अजहर को शामिल करने के प्रस्ताव पर अपने विरोध को वापस भी ले सकता है. सूत्र ने बताया कि सरकार ने सैद्धांतिक रूप से जेईएम (अजहर) के नेतृत्व पर कार्रवाई करने का निर्णय किया है.

### मसूद अजहर के खिलाफ जल्द ही 'कार्रवाई' कर सकता है पाकिस्तान

**इस्लामाबाद (आरएनएस)।** पाकिस्तान सरकार ने भारत के साथ तनाव कम करने की कोशिश में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) सरगना मसूद अजहर पर कार्रवाई करने का फैसला किया है। मीडिया में आई एक खबर के अनुसार एक शीर्ष सरकारी सूत्र ने रविवार को बताया कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आतंकवादियों की सूची में अजहर को शामिल करने के प्रस्ताव पर अपने विरोध को वापस भी ले सकता है। सूत्र ने बताया, ''सरकार ने सैद्धांतिक रूप से जेईएम (अजहर) के नेतृत्व पर कार्रवाई करने का निर्णय किया है।''

## भारत के खिलाफ एफ-16 का इस्तेमाल कर बुरा फंसा पाकिस्तान

### कार्रवाई के लिए सबूत जुटा रहा अमेरिका

**वाशिंगटन (आरएनएस)।** अमेरिका ने कहा है कि वह 27 फरवरी को भारत के खिलाफ हमले के लिए प्रयोग में लाये गये 'एफ-16' विमान मसले को गंभीरता से लिया है और वह इसके इस्तेमाल को लकर पुख्ता सबूत जुटा रहा है। इस मुद्दे को लेकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय और सामरिक संबंधों में संकट और गहरा सकता है।

अमेरिका इस विमान को लेकर हुए समझौते के उल्लंघन पर बेहद गंभीर है और पाकिस्तान एफ-16 के मसले में 'स्वयं के



जाल' में फंसता जा रहा है। वह लगातार इस बात से इंकार करता रहा है कि उसने भारत के खिलाफ इस विमान का इस्तेमाल किया है।

सूत्रों ने पाकिस्तान स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता के हवाले से यह खबर दी है। प्रवक्ता ने कहा, हमने रक्षा समझौते के उल्लंघन को गंभीरता से लिया है और हम पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ इसके उपयोग को लेकर पुख्ता सबूत जुटा रहे हैं।

### पीएम मोदी को झूठा बता रहे राहुल पर स्मृति ने किया हमला

#### कहा-खौफ में कांग्रेस अध्यक्ष



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ सोमवार को एक बार फिर मोर्चा खोल दिया. राहुल गांधी के पीएम मोदी को झूठा बताने पर सवाल उठाते हुए स्मृति ईरानी ने कह दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष को अमेठी के विकास से डर लग रहा है.

स्मृति ईरानी ने ट्विटर पर लिखा, आपको डर इतना है कि अमेठी में विकास हो रहा है कि आपने ये देखने की तकलीफ़ नहीं उठायी कि कल कोरवा में जेवी का उद्घाटन हुआ है. इसके तहत भारत और रूस के बीच एके 203 राइफ़ल के निर्माण का समझौता हुआ है.

स्मृति ईरानी ने रायबरेली के नेशनल पेट्रोलियम टेक्निकल स्कूल की आधारशिला की तस्वीर भी पोस्ट की और राहुल गांधी से सवाल पूछा.

## हमारी सरकार में ही उड़ेगा पहला राफेलःमोदी

**अमेठी (आरएनएस)।** राहुल गांधी के गढ़ में गरजते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार में ही पहला राफेल उड़ेगा. लोग वर्षों तक राफेल विमानों के सौदे पर बैठे रहे और जब सरकार जाने की बारी आई तो उसको ठंडे बस्ते में डाल दिया. हमारी सरकार आई और 1.5 साल के भीतर सौदे पर मुहर लगाई और कुछ ही महीने में दुश्मन के होश उड़ाने के लिए पहला राफेल विमान भारत के आसमान में होगा.

आगे पीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सेना ने साल 2005 में आधुनिक हथियार की अपनी जरूरत को तब की सरकार के



सामने रखा था. इसी को देखते हुए अमेठी में इस फैक्ट्री के लिए काम शुरू हुआ. आपके सांसद ने जब 2007 में इसका शिलान्यास किया, तब ये कहा गया था कि साल 2010 से इसमें काम शुरू हो जाएगा.

पीएम मोदी ने कहा कि राफेल को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक यह चुकी है सरकार ने सही सौदा किया. लेकिन ये लोग झूठ बोल रहे हैं. इन्होंने देश की सुरक्षा का ख्याल नहीं किया. ऐसे ही इन लोगों ने अमेठी के लोगों के साथ किया. पीएम मोदी ने कहा अमेठी में विकास के नाम पर लोगो की भावनाओं से खेला गया.

पीएम मोदी ने कहा कि किसान हो, जवान हो या फिर नौजवान, आपका ये प्रधानसेवक पूरी प्रमाणिकता के साथ आज काम कर पा रहा है तो इसके पीछे आप की शक्ति है, आपके एक वोट की ताकत है. वोट लेकर जनता को भूल जाना कुछ लोगों की प्रवृत्ति रही है. वो गरीब को गरीब बनाए रखना चाहते हैं ताकि पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी हटाओ के नारे लगा सकें. पीएम मोदी ने कहा कि हम गरीब को इतनी ताकत दे रहे हैं कि वो अपनी गरीबी से तेजी से बाहर निकले. आज भारत में तेजी के साथ गरीबी कम हो रही है. पीएम मोदी ने अमेठी में 538 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया. इसके बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1998 में अटल जी के साथ मैं यहां जनसभा करने आया था. उस समय भी बारिश हुई थी और आज भी बारिश हुई. अमेठी के उत्तम उदाहरण हमारे सबका साथ सबका विकास का.



### अमेरिका के अलाबामा में भीषण तूफान, 14 लोगों की मौत

**वॉशिंगटन (आरएनएस)।** अमेरिका के अलाबामा में रविवार को आए भीषण तूफान से 14 लोगों की मौत हो गई, वहीं दक्षिणी राज्य में भारी क्षति भी हुई है। सीबीएस से संबद्ध एक पत्रकार द्वारा फेसबुक पर साझा की गई वीडियो में ली काउंटी के शेरिफ जे जोन्स ने कहा, अभी हम 14 लोगोंकी मौत की पुष्टि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य कई लोग अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं जिनमें कई गंभीर रूप से घायल हैं। लापता लोगों की तलाश भी जारी है। उन्होंने एमएसएनबीसी से कहा, ली काउंटी के कोरोनर बिल हैरिस ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हमें अभी 14 शव मिले हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

बर्मिंघम, अलबामा में राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) कार्यालय ने ट्वीट कर ली काउंटी में कम से कम आठ लोगों के मारे जाने की पुष्टि की और साथ ही मृतक संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई। उन्होंने कहा कि अभी कई घायल और लापता हैं। पावरआउटेज.यूएस के अनुसार ली काउंटी में 5,000 से अधिक लोगों को बिजली नहीं मिल रही है। सीएनएन की खबर के मुताबिक ली काउंटी में लगातार दो तूफान आए वहीं शेरिफ जे जोन्स का कहना है कि यहां एक तूफान ही आया था।

## बेटियों को ग्रेजुएशन में पहुंचने तक 15000 रुपए देगी योगी सरकार

### कन्या सुमंगला योजना

**लखनऊ (आरएनएस)।** सीएम योगी आदित्यनाथ कैबिनेट ने बजट में घोषित कन्या सुमंगला योजना को लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इस योजना के तहत तीन लाख रुपये तक की आमदनी वाले परिवारों में जन्म लेने वाली बेटियों को पैदा होने से ग्रेजुएशन में एडमिशन तक सरकार 15000 रुपए की मदद देगी. बता दें कि पहले इस योजना में आय की सीमा 1.80 लाख रखी गई थी लेकिन कैबिनेट में विचार के बाद इसे बढ़ाकर तीन लाख रुपए कर



दिया गया है.

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपने तीसरे बजट में यूपी की बेटियों को खास सौगात दी है. 7 फरवरी को पेश हुए 4,79,701,10 करोड़ रुपए के बजट में बेटियों के लिए कन्या सुमंगला योजना की घोषणा की गई थी. इसके लिए सरकार ने बजट में 1200 करोड़ का प्रावधान भी किया था, बस इस प्रस्ताव पर कैबिनेट की मुहर लगना बाकी था. सरकार के आय सीमा बढ़ाने के फैसले के बाद 25 हजार रुपए महीना कमाने वाले परिवारों को इसका फायदा मिल सकेगा. योजना की राशि लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर की जाएगी. इस योजना के जरिए सरकार निम्न मध्यम वर्ग के लगभग सभी परिवारों तक पहुंच सकेगी.

शनिवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा कन्याओं को देने के मकसद से लाभार्थी परिवारों के लिए वार्षिक आय की सीमा को 1.8 लाख रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपये करने का भी निर्णय किया है. राज्य सरकार के प्रवक्ता और ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से दी जाने वाली धनराशि छह किस्तों में दी जाएगी.

पहली किस्त में कन्या के जन्म पर 2000 रुपये मिलेंगे. कन्या के एक वर्ष की आयु पूरी होने पर 1000 रुपये दिये जाएंगे. उसके कक्षा एक में दाखिला लेने पर 2000 रुपये मिलेंगे. कक्षा छह में प्रवेश लेने पर उसे 2000 रुपये दिये जाएंगे.

### कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे से 10 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह कोहरे के कारण 10 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। हवाई अड्डा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया, ''दिल्ली हवाई अड्डे से सुबह 7.45 बजे से सुबह 9.10 के बीच इन 10 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया।'' अधिकारी ने बताया, ''आज दृश्यता का स्तर कम था... कम दृश्यता के कारण नौ घरेलू उड़ानों और एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान का मार्ग परिवर्तित किया गया।'' दिल्ली में विमानों के उड़ान भरने के लिए रव-ने पर न्यूनतम दृश्यता स्तर 125 मीटर होना चाहिए।